हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 9 मई 2025

तापमान
अधिकतम 37.9 डिग्री
न्यूनतम 24.7 डिग्री

11 मानव कल्याण और परोपकार पर आधारित है यूथ रेडक्रॉस



12 एयरफोर्स स्टेशन से सायरन बजते ही हरकत में आए कर्मी



## खबर संक्षेप

### बचाव विषय पर हुई प्रतियोगिता आयोजित

**बराड़ा।** महाराणा प्रताप नेशनल महाविद्यालय में यूथ रेड क्रॉस कमेटी के अंतर्गत मानवता की सेवा मानव जाति का बचाव विषय पर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस दौरान प्राचार्या डॉ. राजश्री खरे ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि मानवता की सेवा ही असली धर्म है। जब हम स्वार्थ से ऊपर उठकर दूसरों के लिए कार्य करते हैं, तभी हम सच्चे अर्थों में इंसान बनते हैं। सेवा भाव से घृणा के स्थान पर प्रेम व शांति का जन्म होता है।

### चाकू सहित आरोपी को किया गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना अंबाला शहर क्षेत्र श्री राम मंदिर सर्विस लेन जीटी रोड के पास से अवैध हथियार रखने के मामले में पुलिस ने सूचना के आधार पर आरोपी कर्ण को अवैध कमानीदार चाकू सहित गिरफ्तार किया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि आरोपी के पास अवैध चाकू है। वह किसी भी अप्रिय घंटना को अंजाम दे सकता है। पुलिस ने तुरंत रेड कर आरोपी को काबू किया। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से चाकू जब्त किया।

### धोखाधड़ी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना अंबाला छावनी में दर्ज धोखाधड़ी के मामले में आर्थिक अपराध शाखा ने आरोपी सोनू कुमार को गिरफ्तार किया है। उसे दो दिन के रिमांड पर लिया गया है। बब्याल के बालक राम ने 4 जनवरी 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि आरोपी सोनू कुमार तथा अन्य ने उसके पुत्र को सरकारी नौकरी लगवाने के मामले में उससे एक बड़ी रकम हड़पने की धोखाधड़ी करने का आपराधिक कार्य किया है।

### महिला से टेलीग्राम पर काम दिलाने के नाम पर ठगी

**करनाल।** करनाल की एक महिला से टेलीग्राम पर काम दिलाने का झांसा देकर ठगी किए जाने का मामला सामने आया है। महिला को पहले छोटे टास्क के बदले पैसे लौटाकर भरोसे में लिया गया और फिर बड़ी रकम के ट्रांजैक्शन करवाकर 1.86 लाख रुपए की ठगी कर ली गई। करनाल की सेक्टर-29 निवासी दिव्या ने पुलिस को दी शिकायत में बताया है कि कुछ दिन पहले उनके टेलीग्राम अकाउंट पर एक मैसेज आया। उसने दावा किया कि घर बैठे पैसे कमाने का मौका है। शुरुआत में कुछ टास्क दिए गए और कहा गया कि पहले थोड़ी रकम भेजो, फिर पेमेंट आएगी। पीड़िता ने शुरुआत में 100 रुपए भेजे तो तुरंत ही उनके पास 234 रुपए आ गए। इससे उन्हें भरोसा हो गया और फिर पांच ट्रांजैक्शन में 1798.05 रुपए भेजे, जिसमें से 863 रुपए लौटाए गए। इसके बाद तीन ट्रांजैक्शन में 1307 रुपए और भेजे और बदले में 2448 रुपए आए। लेकिन इस बार पैसा वापस नहीं आया। उल्टा और पैसे की मांग की गई। घटना के बाद पीड़िता को अहसास हुआ कि ऑनलाइन फ्रॉड हुआ है। उसने 29 अप्रैल को ही साइबर हेल्पलाइन नंबर पर कॉल करके शिकायत दी थी।

### पूर्व मंत्री असीम गोयल ने मुख्यमंत्री नायब सैनी का आभार जताया

# 46 करोड़ की लागत से बदलेगी 53 सड़कों की तस्वीर, सीएम ने लगाई मुहर

164.67 लाख की लागत से मानव चौक से रेलवे क्रासिंग तक सड़क का होगा निर्माण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



अंबाला। लोगों की समस्याएं सुनते पूर्व मंत्री असीम गोयल।

अंबाला शहर की 53 सड़कों की तस्वीर बदलने जा रही है। मुख्यमंत्री नायब सैनी ने इस सड़कों के निर्माण व रिपेयर के लिए 46.40 करोड़ रुपये के फंड को मंजूरी दी है। पूर्व मंत्री असीम गोयल ने इसके लिए सीएम नायब सैनी का आभार जताया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में अंबाला शहर विधानसभा क्षेत्र में निरंतर विकास कार्यों को करवाने का काम किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री के समक्ष अंबाला शहर विधानसभा क्षेत्र की ओर से सड़कों के नवीनीकरण व सुदृढ़ीकरण के लिए मांग रखी थी जिसे स्वीकृत किया गया है। गोयल ने बताया कि जिन सड़कों का नवीनीकरण व सुदृढ़ीकरण किया जाएगा उनमें 19.9 लाख रुपये की लागत से अंबाला-बडौला रोड से लखनौर साहिब लिंक रोड, 24.67 लाख रूपए की लागत से अंबाला-बडौला रोड से धुराला तक, 22.06 लाख रुपये की लागत से लिंक रोड अंबाला-बडौला रोड से रौलाहेड़ी तक, 11.38 लाख रुपये की लागत से अंबाला-बडौला रोड से आनंदपुर जलबेडा लिंक रोड, 47.14 लाख ररुपये की लागत से अंबाला-कालका रोड से गांव डंगडेहरी लिंक रोड, 27.13 लाख रुपये की लागत से एमएमएन रोड से जगौली से सैनपुरा लिंक रोड, 2.78 लाख रुपये की लागत से गांव नन्यौला से गुरुद्वारे तक, 2.94 लाख रुपये की लागत से एमएमएन रोड से जगौली से सेखपुरा, 13.15 लाख रुपये से एमएसएन रोड से खुरचूनपुर, 62.12 लाख रुपये की लागत से अंबाला-हिसार रोड से बलाना से धुराला, 23.1 लाख रूपए की लागत से नन्यौला से डेलूमाजरा से एचबी मंदिर, 3.2 लाख रुपये से एमएसएनरोड से पंजौला पंचायत घर, 59.46 लाख रुपये की लागत से अंबाला-हिसार रोड से सुल्लर से नारायणगढ़ चुंगियां,191.64 लाख रुपये की लागत से अंबाला-हिसार रोड से बलाना से लदाणा, 133.6 लाख रुपये की लागत से अंबाला-हिसार रोड से बलाना से सुल्लर, 36.8 लाख रुपये की लागत से अंबाला-हिसार रोड से मुजफरा, 71.35 लाख रुपये की लागत से एमएसएन रोड से पंजौला से पंजाब बोर्डर, 85.35 लाख रुपये की लागत से अंबाला-हिसार रोड़ से अहमा से कपूरी ताहिरपुर, 20.29 लाख रुपये की लागत से अंबाला-हिसार रोड से बकनौर से मंदिर, 18.15 लाख रुपये की लागत से अंबाला-हिसार रोड से निहारसी रोड से गौरसियां फिरनी से गौरसियां तक तथा इसके साथ साथ अन्य सड़कों का निर्माण भी किया जाएगा।

#### लोगों की समस्याएं भी सुनी

वीरवार को पूर्व मंत्री असीम गोयल ने अपने निवास स्थान पर जनसुनवाई की। इसके तहत उन्होंने अंबाला शहर विधानसभा क्षेत्र से आए लोगों की समस्याओं को सुनकर उनका मौके पर ही समाधान भी किया। इस दौरान गोयल ने अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए कि जनता को राहत देना ही नायब सरकार का प्रथम उद्देश्य है। अगर कोई अधिकारी बिना वजह लोगों के चक्कर कटवाता है तो ऐसे अधिकारी अपनी कार्यशैली सुधार लें। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री नायब सैनी दिन रात एक कर हर प्रदेशवासी की सेवा में जुटे हैं। सीएम से प्रेरणा लेकर ही वो भी इलाके की जनता की समस्याओं का समाधान करने में जुटे हैं।

# मांगों को लेकर आशा वर्करों ने किया प्रदर्शन



कुरुक्षेत्र। सरकार के खिलाफ नारेबाजी करती आशा वर्कर्स।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र, मजदूर संगठन सीटू से सम्बन्धित आशा वर्कर्स यूनियन हरियाणा के आह्वान पर कुरुक्षेत्र जिला में आशा वर्कर्स ने सुबह ताज पार्क पर इकट्ठा होकर धरना दिया। धरने की अध्यक्षता जिला प्रधान मनजीत ने की व संचालन जिला सचिव पिंकी ने किया। धरना स्थल से प्रदर्शनकारियों ने उपायुक्त कार्यालय तक पैदल मार्च करते हुए प्रदर्शन किया। प्रदर्शन का नेतृत्व सीटू जिला प्रधान रानी देवी व सीटू जिला सचिव अनिल कुमार कर रहे थे। सीटीएम के माध्यम से स्वास्थ्य मंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शनकारियों को सम्बोधित करते हुए सीटू जिला प्रधान रानी देवी, अनिल कुमार, उषा, सुखविंद्र, कुशलता आदि ने कहा कि भिवानी जिले में और बहादुरगढ़ में एएनएम द्वारा आशा वर्कर्स के साथ मारपीट व मानसिक रूप से प्रताड़ित करने पर आज विरोध प्रदर्शन किया गया। 6 महीने से केंद्र सरकार के द्वारा दिया जाने वाला मानदेय स्टेट की पेमेंट नहीं आयी है। सभी वक्ताओं ने आह्वान हुए कहा कि 20 मई को सीटू की तमाम युनियने केंद्र व राज्य सरकार की मजदूर विरोधी नीतियों के खिलाफ राष्ट्रव्यापी हड़ताल में शामिल होकर सड़कों पर उतरेंगे। उन्होंने कहा कि 44 श्रम कानूनों को चार कोड में बदला जा रहा है जिसे किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने मांग करते हुए कहा सभी कार्य स्थलों पर, सरकारी क्षेत्र एवं उद्योगों में श्रम कानून लागू करने, न्यूनतम वेतन 26000 पर घोषित करने ,ठेका प्रथा खत्म करने, सभी परियोजना वर्करों एवं कच्चे कर्मचारियों को पक्का करने की मांग की।

## झगड़े की सूचना पर पहुंची डायल 112 गाड़ी पर हमला

- ईंट लगने से शीशा टूटा, पुलिस ने आरोपी के खिलाफ किया केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

पुराना हमीदा में झगड़े की सूचना मिलने पर पहुंची डायल 112 की टीम पर एक युवक ने हमला कर दिया। ईंट लगने से गाड़ी का शीशा टूट गया। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी युवक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

जानकारी के अनुसार शहर यमुनानगर थाने में तैनात एसपीओ भगत सिंह ने बताया कि वह ईवीआर गाड़ी पर ड्राइवर की नौकरी करता है। उसके साथ एचजीएच शिवकुमार ड्यूटी पर था। रात को करीब साढ़े 11 बजे उनके पास लड़ाई झगड़े की सूचना आई। सूचना मिलते ही वह पुराना हमीदा कॉलोनी में पहुंचे। इस दौरान झगड़े में तीन व्यक्तियों को चोटें लगी थी। उनके परिजन घायलों को सिविल अस्पताल में लेकर चले गए थे। जब वह वापस जाने के लिए अपनी गाड़ी मोड़ रहे थे तो पीछे से एक युवक गालियां देते हुए आया। आरोपी ने आते ही गाड़ी के शीशे पर ईंट से हमला कर दिया। जिससे उनकी गाड़ी का सामने वाला शीशा टूट गया। आरोपी उन्हें जान से मारने की धमकी देकर मौके से भाग गया। उन्होंने गाड़ी से उतरकर आरोपी को पकड़ने का प्रयास किया मगर वह अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से भागने में कामयाब हो गया। आरोपी की पहचान पुराना हमीदा निवासी गगन के रूप में हुई। उसने आरोपी के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी।

### पुलिस ने इनामी बदमाश को पकड़ा

**पानीपत।** सीआईए टू पुलिस टीम ने स्चेचिंग की वारदात में शामिल फरार चल रहे पांच हजार के इनामी आरोपी सोनू निवासी विकास नगर, एनएफएल क्षेत्र, पानीपत को गिरफ्तार किया है। आरोपी सोनू पुलिस पकड़ से बचने के लिए ठीकाने बदल बदल कर छुपकर रह रहा था। इधर, सीआईए टू प्रभारी इंस्पेक्टर फूल कुमार ने बताया कि हुडा सेक्टर 29 स्थित सज्जन चौक के पास दिसंबर 2023 में ई रिक्शा सवार गांव सिवाह निवासी अमन से मारपीट कर मोबाइल फोन, पर्स व सोने की चेन छीनने की वारदात को अंजाम दिया गया था। अमन ने थाना औद्योगिक सेक्टर 29 में अज्ञात के खिलाफ शिकायत देकर अभियोग दर्ज कराया था। इसी मामले में सोनू आरोपी था और फरार चल रहा था, पुलिस ने इसकी गिरफ्तारी पर पांच हजार रूपये का इनाम रखा था।

## मुस्लिमों ने पाकिस्तानी झंडे को रौंदा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



पानीपत में पाकिस्तान के झंडें को पैरो तले रौंदते हुए मुस्लिम समाज के लोग।

- पानीपत में दरगाह कलंदर साहब के मुख्य द्वार पर जुटे
- मस्लिमों ने लड्डू बांट कर पाकिस्तान पर हुई कार्रवाई की खुशी जताई

पानीपत में दरगाह कलंदर साहब के मुख्य द्वार पर वीरवार को मुस्लिम समाज के लोगों ने पाकिस्तान का झंडा सड़क पर चिपका कर उसे जूतों से रौंदा साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व भारतीय सेना का भी एयर स्ट्राइक कार्रवाई के समर्थन में देशभक्ति के नारे लगाए। मस्लिमों ने लड्डू बांट कर पाकिस्तान पर हुई कार्रवाई की खुशी जताई। एडवोकेट इरफान अली ने कहा कि जो भी भारत ने हमले किए वो मस्जिद या मरकज नहीं बल्कि आतंकवादियों के ठिकाने थे। जिनको ध्वस्त करने का काम भारतीय सेना ने किया जो सराहनीय है।

इस मौके पर राशिद प्रधान खान, इरशाद अंसारी, फैजान, सुरेश कागरा, नदीम, हारून, महात्मा प्रहलाद, सुभाष कबीरपंथी, मोइन मंसूरी, फुरकान व इरफान अंसारी आदि मौजूद रहे।

वहीं दूसरी ओर इस संबंध में , सुभाष करीबपंथी ने कहा कि पाकिस्तान जब भी भारत पर आतंकी हमला करें तभी मोदी सरकार को पाकिस्तान को करारा जवाब देना चाहिए।

### पहले शराब पी फिर एक लाख चोरी किए

**पानीपत।** पानीपत के गांव मतलौडा की कवि रोड स्थित मुंशीराम कॉलोनी निवासी सुक्रमपाल के घर से चोरों ने एक लाख रुपये की नकदी चोरी कर ली। वहीं चोरों ने घर में रखी शराब का भी सेवन किया। सुक्रमपाल अपने कार्य से बैंक जाने के लिए घर से निकले थे। इसी बीच एक लोडिंग ऑटो सवार तीन बदमाश घर के बाहर पहुंचे। जिन्होंने दरवाजे का ताला तोड़ा और भीतर दाखिल हुए और चोरी की।

इधर, सुक्रमपाल की शिकायत पर थाना मतलौडा पुलिस ने अज्ञात तीन लोगों पर केस दर्ज किया। जबकि पुलिस व एफएसएल की टीम ने जहां घटनास्थल की जांच की और घटनास्थल से सबूत जुटाए वहीं पुलिस ने घटनावाले क्षेत्र के सीसीटीवी खंगालने शुरू कर दिए हैं।

## दो अवैध कॉलोनियों मे चला पीला पंजा

- जिला योजनाकार विभाग की टीम ने की कार्रवाई
- इंद्री के मुरादगढ़ रोड पर बन रही दो अवैध कालोनियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| इंद्री



**इंद्री।** इंद्री में मुरादगढ़ रोड पर बन रही अवैध कॉलोनियों मे सड़कों को ध्वस्त करती जेसीबी ।

जिला योजनाकार विभाग की टीम ने इंद्री के मुरादगढ़ रोड पर बन रही दो अवैध कालोनियों पर पीला पंजा चलाया। इन कालोनियों में बनी सड़कों को जेसीबी की मदद से ध्वस्त कर दिया गया। जिला योजनाकार विभाग की टीम ने पुलिस बल के साथ इंद्री के मुरादगढ़ रोड पर करीब चार एकड़ में बन रही एक कालोनी में सडको को जेसीबी की सहायता से तोड़ दिया। इस कॉलोनी मे पहली बार विभाग द्वारा तोड़फोड़ की कार्यवाही की गई है। वहीं दूसरी ओर मुरादगढ़ मोड़ पर लगभग एक एकड़ में बन रही एक अन्य कालोनी में भी विभाग द्वारा तोड़फोड़ की गई। इस कालोनी में पहले भी तोड़फोड़ की कार्यवाही कई बार की जा चुकी है।

इस बारे में जानकारी देते हुए एटीपी मोहित ने बताया कि इंद्री में दो अवैध कॉलोनियों पर कार्यवाही की गई है। मोहित ने लोगों को सचेत करते हुए कहा कि अवैध कालोनियों में मकान या दूकान का प्लाट ना खरीदें। केवल मंजूरशुदा कालोनी में ही प्लाट लें। लोग कॉलोनाइजरों के बहकावे में आकर अपनी मेहनत की कमाई को अवैध कालोनियों में लगा देते हैं जिसका खामियाजा बाद में जनता को भुगतना पड़ता है।

### लोक अदालत में 2 बंदियों को किया रिहा



**कुरुक्षेत्र।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं सीजेएम नीतिका भारद्वाज ने कहा कि जिला एवं सत्र न्यायधीश दिनेश कुमार के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जिला कारागार कुरुक्षेत्र में जेल लोक अदालत का आयोजन किया गया। सीजेएम नीतिका भारद्वाज ने कहा कि लोक अदालत में जिला कारागार द्वारा 7 केस रखे गए थे। जिनमें से 2 केस सैटल किए गए और 2 बंदियों को मौके पर ही रिहा किया गया।

## भाई के दोस्त ने शादी का झांसा देकर महिला से 6 साल बनाए अवैध संबंध

- बाद में आरोपी ने शादी करने से किया मना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

जगाधरी थाना क्षेत्र की एक कालोनी निवासी महिला के साथ उसके भाई के दोस्त ने शादी का झांसा देकर छह साल तक संबंध बनाए। बाद में आरोपी ने उसे शादी करने से मना कर दिया और मकान लेने के नाम पर उससे दो लाख रुपए भी हड़प लिए। जानकारी के अनुसार उत्तर प्रदेश निवासी महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका अपने पति से तलाक हो गया था। जिसके बाद वह यमुनानगर काम करने के लिए आई थी। आरोपी अशरफ चिलकाना उत्तर प्रदेश का रहने वाला है। आरोपी उसके भाई का दोस्त है। आरोपी का उनके घर पर आना-जाना था। इस दौरान आरोपी उसे कहने लगा कि वह उससे शादी करना चाहता है। आरोपी ने उसे अपने प्यार के झांसे में फंसा लिया। इसके बाद आरोपी जगाधरी में उसके मकान पर आने जाने लगा। एक दिन आरोपी उसके मकान पर आया। आरोपी ने आते ही उसे कुछ नशीला पदार्थ पिला दिया। जिससे वह बेसुध हो गई। इसके बाद आरोपी ने उसके साथ गलत काम किया। आरोपी शादी का झांसा देकर करीब छह साल तक उसके साथ संबंध बनाता रहा। इस दौरान वह चार बार गर्भवती भी हुई मगर आरोपी ने उसका जबर्दस्ती गर्भपात करवा दिया। पीड़िता ने बताया कि इस दौरान आरोपी ने उससे मकान लेने के नाम पर दो लाख रुपए भी ऐंठ लिए। बाद में आरोपी ने उसे शादी करने से मना कर दिया। उसने आरोपी के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

## दो बाइकों की भिड़ंत में युवक की जान गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

पुराना सहारनपुर रोड पर गांव बहरामपुर के पास बीती रात दो बाईकों की भिड़ंत में एक बाइक चालक की मौत हो गई। मृतक अपनी बुआ समस्तपुर से अपने घर गधौली लौट रहा था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने अज्ञात बाइक चालक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

जानकारी के अनुसार गांव गधौली निवासी विक्की ने बताया कि वह तथा उसका बड़ा भाई दीपक अपनी अपनी बाइक पर अपनी बुआ के घर समस्तपुर गए थे। रात को नौ बजे जब वह समस्तपुर से वापस घर लौट रहे थे तो पुराना सहारनपुर रोड पर गांव बहरामपुर के पास तेज गति से आ रहे बाइक चालक ने उसके भाई दीपक की बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से दीपक तथा दूसरी बाइक पर सवार तीन युवक घायल हो गए। हादसे की सूचना मिलते ही डायल 112 टीम मौके पर पहुंची। पुलिस टीम ने एंबुलेंस की सहायता से उसके भाई दीपक को अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां डॉक्टर ने उसके भाई को मृत घोषित कर दिया।

**अभियान** सरकार ने कुरुक्षेत्र में 2020 में प्राकृतिक कृषि प्रशिक्षण संस्थान की स्थापना की

# देशभर के 2,495 किसानों व कृषि अधिकारियों को दिया प्राकृतिक खेती का प्रशिक्षण : कर्म चंद

प्राकृतिक खेती से जुड़ी किसी भी जानकारी या प्रशिक्षण के लिए नजदीकी कृषि अधिकारी से संपर्क करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

कृषि उपनिदेशक डॉ. कर्म चंद ने कहा कि प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए प्राकृतिक कृषि प्रशिक्षण संस्थान ने देशभर के 2495 किसानों और कृषि अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया गया है। प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के उद्देश्य से हरियाणा सरकार ने 12 मार्च 2020 को जिला कुरुक्षेत्र स्थित गुरुकुल परिसर में प्राकृतिक कृषि प्रशिक्षण संस्थान की स्थापना की थी। यह संस्थान वर्तमान में पद्मश्री सम्मानित एवं प्रदेश प्रशिक्षण सलाहकार डॉ. हरी ओम राज्य की देखरेख में कार्यरत है। कृषि उपनिदेशक डॉ. कर्म चंद ने कहा कि इस संस्थान में हरियाणा के 550 किसानों और कृषि अधिकारियों को 3 दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण प्रदान किया गया। 1260 किसानों को एक दिवसीय शैक्षिक एक्सपोजर विजिट के माध्यम से प्राकृतिक खेती के सिद्धांतों से अवगत कराया गया। 30 किसानों को गैर-सरकारी संगठनों के माध्यम से प्रशिक्षण प्रदान किया गया। अन्य राज्यों के 655 किसान एवं कृषि अधिकारी भी इस संस्थान से प्राकृतिक खेती का प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके हैं। इस प्रकार, यह संस्थान न केवल हरियाणा के किसानों और कृषि विभाग के अधिकारियों को प्रशिक्षित करने में भूमिका निभा रहा है, बल्कि अन्य राज्यों से आने वाले प्रतिभागियों को भी प्राकृतिक कृषि के प्रति जागरूक कर रहा है।

#### कृषि हमारे देश की रीढ़



कृषि उपनिदेशक डॉ. कर्म चंद ने कहा कि कृषि हमारे देश की रीढ़ है। यह क्षेत्र जो न केवल भोजन की आवश्यकता पूरा करता है, बल्कि करोड़ों लोगों को रोजगार भी प्रदान करता है। भारत की 60 प्रतिशत से अधिक आबादी आज भी खेती-किसानी पर निर्भर है। फिर भी, हम सभी जानते हैं कि खेती से आमदनी दिन-ब-दिन कम होती जा रही है, जबकि खर्चे बढ़ते जा रहे हैं। राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण कार्यालय के अनुसार, करीब 70 प्रतिशत कृषि परिवारों की मासिक आय जरूरतों को पूरा नहीं कर पा रही है। आधे से ज्यादा किसान कर्ज में डूबे हैं। आंध्र प्रदेश और तेलंगाना जैसे राज्यों में स्थिति और भी गंभीर है, जहां लगभग 90 प्रतिशत किसान परिवारों पर औसतन 1 लाख का कर्ज है। बढ़ते हुए बीज, खाद और पानी के खर्चों ने छोटे और सीमांत किसानों के लिए खेती को घाटे का सौदा बना दिया है। ऐसे समय में जरूरत है एक ऐसे समाधान की, जो लागत कम करे, उपज बढ़ाए और धरती की सेहत भी बनाए रखे।

# गलत तरीके से ऑनलाइन व्यापार बढ़ाकर वर्चस्व बना रही कंपनियां

*रादौर उद्योग व्यापार मंडल ने ज्ञापन सौंपकर की इन कंपनियों पर रोक लगाने की मांग*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

उद्योग व्यापार मंडल रादौर के सदस्यों ने वीरवार को अमेजन, फ्लिपकार्ट जैसी ऑनलाइन व्यापार करने वाली कंपनियों पर रोक लगाने के लिए प्रधानमंत्री के नाम पर एसडीएम रादौर नरेंद्र कुमार को एक ज्ञापन सौंपा।

व्यापार मंडल के अध्यक्ष अमित कांबोज व अशोक गुंबर ने संयुक्त रूप से बताया कि देश व प्रदेश में पिछले काफी समय से अमेजॉन व फ्लिपकार्ट जैसी आनलाइन व्यापार करने वाली कंपनियों का वर्चस्व गलत तरीके से बढ़ रहा है। जिससे हमारी दुकानदारी व व्यापार प्रभावित हो रहा है। पिछले दिनों हुए कुछ घटनाक्रम से जानकारी में आया है कि यह विदेशी कंपनियां नकली व डुप्लीकेट सामान ग्राहकों को बेच रही हैं। जिससे यह अधिक छूट का लालच उपभोक्ताओं को देकर दुकानदारों व्यापारियों का कार्य प्रभावित कर रही हैं। इससे जहां न केवल भारतीय बाजारों का व्यापार प्रभावित हो रहा है। वहीं दुकानदारों के भविष्य पर भी संकट मंडरा रहा है।


यमुनानगर। रादौर में एसडीएम को ज्ञापन सौंपते व्यापार मंडल के सदस्य।

### भारत में ई-कॉमर्स में बीटूसी बिजनेस की नहीं अनुमति

भारत में ई-कॉमर्स में बीटूसी यानी बिजनेस तू कंज्यूमर में विदेशी निवेश को अनुमति है ही नहीं। केवल बीटूबी में अनुमति है यानि बिजनेस टु बिजनेस में। किंतु यह दोनों कंपनियां चोरी छिपे व सरेआम भी बीटूसी यानी सीधे कॉमर्स करके भी भारत में अरबों का व्यापार कर रही हैं, जो कि गैर कानूनी है। इन कंपनियों को अपनी इन्वेंटरी रखने की अनुमति नहीं है। किंतु यह कंपनियां शैल कंपनियां बनाकर अपने गोदाम रखती हैं। जब इस तरह के मामले न्यायालय में जाते है तो यह कंपनियां कोर्ट में भारतीय कंपनियों के स्थानीय मालिकों के नाम आदि दिखाकर कानूनी रूप से बच जाती हैं। भारत के ई.कॉमर्स में दस हजार से अधिक कंपनियां है, किंतु अकेले अमेजॉन 32 प्रतिशत व फ्लिपकार्ट 36 प्रतिशत का व्यापार खींच रही हैं। यह सरेआम भारत के खुदरा व्यापार को खत्म करने की योजना है। उन्होंने अपने मांगपत्र में इन विदेशी कंपनियों पर रोक लगाने की मांग की। इस मौके पर डॉ.बलदेव सैनी, मंगत राम बटला, गुरदयाल सैनी, प्रदीप चौधरी, राधा कृष्ण चोपड़ा, सचिन वालिया, प्रवीन सैनी, संजय गुप्ता व सचिन राणा इत्यादि मौजूद रहे।

**खबर संक्षेप**

### बाइक सवारों ने महिला के गले से झपटी चेन

**यमुनानगर।** शहर के हुड्डा सेक्टर 17 में चोरों ने एक महिला के गले से सोने की चेन झपट ली। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात बाइक सवार युवकों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

जानकारी के अनुसार सेक्टर 17 निवासी निर्मल विज ने बताया कि वह शाम को पौने सात बजे अपने घर के बाहर टहल रही थी। इस दौरान बाइक पर सवार होकर दो युवक आए। एक युवक बाइक लेकर खड़ा रहा जबकि दूसरा युवक उसके पास आया। जब तक वह कुछ समझ पाती। इस दौरान आरोपी युवक ने उसके गले से सोने की चेन झपट ली और मौके से भाग गया। उसके शोर मचाने पर आसपास के लोगों ने आरोपी का पीछा कर उन्हें पकड़ने का प्रयास किया मगर आरोपी अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से भागने में कामयाब हो गए। महिला ने बताया कि उसकी सोने की चेन करीब एक तोले की थी। जिसकी कीमत करीब 85 हजार रुपए है। उसने मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात युवकों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।



### नि:शुल्क जांच शिविर बच्चों के जांचें दांत

**यमुनानगर।** डीएवी डेंटल कॉलेज यमुनानगर ने न्यू हैप्पी पब्लिक स्कूल सुढैल में नि:शुल्क दंत चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में सैंकड़ो बच्चों के दांतो की जांच की गई। जिन बच्चों के दांतों में किसी भी प्रकार की कमी पाई गई उन्हें उचित परामर्श दिया गया। डेंटल कॉलेज से आई टीम में शामिल डॉ. सुमित सिंह भाटिया, डॉ. दीप्ति, डॉ. तान्या, डॉ. दिशा पूरी, डॉ. प्रतीक भल्ला, डॉ. आयुषी, डॉ. विधु शर्मा व डॉ. कनिका ने बच्चों के दांतों की जांच की। शिविर का आयोजन डीएवी डेंटल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. आईके पंडित के मार्गदर्शन में किया गया। डॉ. सुमित भाटिया ने बच्चों को दंत रोगों के बारे में जागरूक किया। चिकित्सकों ने बच्चों को सुबह नाश्ते के पहले तथा रात को खाने के बाद ब्रश करने का सुझाव दिया। साथ ही साथ उन्होंने बच्चों को ब्रश करने के सही तरीके भी बताए। स्कूल के चेयरमैन जीएस शर्मा ने विद्यार्थियों को हमेशा अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने के संदेश दिया। मुख्याध्यापिका तोशाल ने बच्चों को समय समय पर दंत चिकित्सको से अपने दांतो की जाँच करवाने की सलाह दी।

## अब सप्ताह में दो दिन लगेंगे समाधान शिविर

# शिविर में 11 शिकायतों का समाधान अमले को गंभीरता दिखाने के निर्देश

*अब सोमवार व वीरवार को सुबह 10 से 12 बजे तक जिला व उपमंडल स्तर पर आयोजित किए जाएंगे समाधान शिविर*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

हरियाणा सरकार के निर्देशानुसार जिला प्रशासन द्वारा वीरवार को लघु सचिवालय में समस्या समाधान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में सीटीएम पीयूष गुप्ता ने लोगों की समस्याएं सुनी और उनका मौके पर समधान करने का प्रयास किया गया।

नगराधीश पीयूष गुप्ता ने कहा कि समाधान शिविर में अपनी समस्याओं को लेकर आने वाले प्रत्येक प्रार्थी की समस्याओं का मौके पर ही निपटान करने का भरसक प्रयास करें। यदि कोई समस्या का समाधान दस्तावेजों या अन्य जांच पर आधारित है तब भी उसका समयबद्ध होकर जल्द निपटान करवाना सुनिश्चित करें।


यमुनानगर। जिला सचिवालय में आयोजित समस्या समाधान शिविर में लोगों की समस्याएं सुनते हुए सीटीएम। *फोटो: हरिभूमि।*

#### किया गया बदलाव

नगराधीश पार्थ गुप्ता ने बताया कि प्रदेश सरकार के दिशा निर्देशन में आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान करने के उद्देश्य से आयोजित किए जा रहे समाधान शिविर में अब बदलाव किया गया है। अब ये शिविर सप्ताह में दो दिन सोमवार व वीरवार सुबह 10 से 12 बजे तक आयोजित किए जा रहे हैं। पूर्व की भांति जिला व उपमंडल दोनों स्तरों पर शिविर का आयोजन होगा। जिला स्तरीय समाधान शिविर जिला सचिवालय के सभागार में तथा उपमंडल स्तर के समाधान शिविर बिलासपुर, छछरौली व रादौर में स्थित एसडीएम कार्यालय में आयोजित किए जा रहे हैं।

नगराधीश ने कहा कि समाधान शिविरों का मुख्य उद्देश्य है जनता और प्रशासन के बीच सीधा संवाद स्थापित करना। ताकि समस्याओं को समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से सुलझाया जा सके। इन शिविरों के माध्यम से नागरिकों को अपनी शिकायतों के समाधान के लिए दफ्तरों के चक्कर नहीं लगाने पड़ते हैं। बल्कि वे एक ही स्थान पर अधिकारियों से सीधे संवाद कर सकते हैं।

उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार के मार्गदर्शन में चल रही इस पहल को जनता का भी भरपूर सहयोग और सराहना मिल रही है। समय पर समाधानए समर्पित अधिकारी और आमजन की भागीदारी के साथ यह शिविर आज गुड गवर्नेंस का सशक्त उदाहरण बनकर उभरे हैं। उन्होंने कहा कि समाधान शिविरों की शिकायतों की मुख्यमंत्री स्वयं निगरानी करते हैं। लापरवाही किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं की जा सकती।

*नाली का पाइप व ढक्कन बदलने, गंदे पानी की निकासी निशानदेही की अधिक शिकायतें*

सीटीएम पीयूष गुप्ता ने बताया कि समाधान शिविर में 11 शिकायतें प्राप्त हुई हैं जिनमें यमुनानगर निवासी गुरजीत सिंह ने नाली का पाईप व ढक्कन बदलवाने बारे, ईशरपुर निवासी देवराज ने फिरनी में जमा गंदे पानी की निकासी बारे, यमुनानगर निवासी पुनीत कुमार ने जमीन की निशानदेही से लंबित राशि न देने बारे समस्या रखी। इसी प्रकार यमुनानगर निवासी रिता देवी ने परिवार पहचान पत्र ठीक करने बारे, पांसरा निवासी रोमा ने बिजली मीटर में खाता ठीक करवाने बारे, परिवार पहचान पत्र में आय ठीक करवाने बारे व प्लाट की आईडी ठीक करवाने बारे समस्या रखी। यमुनानगर निवासी दिनेश ने नाजायज कब्जा हटवाने बारे, जगाधरी निवासी सुरेन्द्र ने पुलिस से संबंधित समस्या रखी। कैत निवासी जसपाल ने दसवीं पास प्रमाण पत्र की जांच करवाने बारे समस्या रखी। इसी प्रकार कृष्णा कॉलोनी निवासी जसमेर सिंह ने बैंक खाते से धोखे से राशि निकालने की समस्या रखी। मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश सपरा, डीएसपी कवलजीत व डीपीआईआरओ डॉ. मनोज कुमार आदि मौजूद रहे।

### मंडियों से गेहूं का जल्द करवाएं उठान: डीसी


जिला उपायुक्त पार्थ गुप्ता।

- 13 मंडियों में कुल तीन लाख 12 हजार 386 मीट्रिक टन गेहूं खरीदी।

**यमुनानगर।** जिला की सभी तेरह अनाज मंडियों में गेहूं की आवक लगातार जारी है। अब तक जिला की अनाज मंडियों में तीन लाख 12 हजार 386 मीट्रिक टन गेहूं की आवक हो चुकी है। उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने गेहूं खरीद में लगे संबंधित अधिकारियों से मंडियों में खरीदे गए गेहूं का तुरंत उठान किए जाने के निर्देश दिए।

डीसी ने बताया कि जिला की सभी अनाज मंडियों में गेहूं की खरीद सुचारू रुप से की जा रही है। अभी तक चालू रबी सीन में जिला की विभिन्न अनाज मंडियों में कुल 3 लाख 12 हजार 386 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की जा चुकी है। अनाज मंडियों में गेहूं की आवक लगातार जारी है। उन्होंने बताया कि जिला की अनाज मंडियों में कुल खरीदी गई गेहूं में से खाद्य एवं आपूर्ति विभाग द्वारा एक लाख 17 हजार 194 मीट्रिक टन, हैफेड द्वारा एक लाख 61 हजार 285 मीट्रिक टन व हरियाणा वेयर हाउस कारपोरेशन द्वारा 33 हजार 907 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की गई है।

#### अब तक की खरीद

उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने बताया कि चालू रबी सीजन में अब तक बिलासपुर अनाज मंडी में 33 हजार 119 मीट्रिक टन, छछरौली मंडी में 40 हजार 148 मीट्रिक टन, गुमथला राव मंडी में 7 हजार 303 मीट्रिक टन,जगाधरी मंडी में 45 हजार 512 मीट्रिक टन, जठलाना मंडी में 5 हजार 168 मीट्रिक टन, खारवन मंडी में 5 हजार 814 मीट्रिक टन,प्रताप नगर मंडी में 50 हजार पांच मीट्रिक टन, सरस्वती नगर में 41 हजार 592 मीट्रिक टन, रादौर में 42 हजार 650 मीट्रिक टन,रणजीतपुर मंडी में 12 हजार 86 मीट्रिक टन, रसूलपुर मंडी में 8 हजार 810 मीट्रिक टन,साढौरा मंडी में 19 हजार 892 मीट्रिक टन तथा यमुनानगर मंडी में 287 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की गई है।

#### तत्काल उठाने करें

उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने अनाज मंडियों में गेहूं खरीद से संबंधित अधिकारियों को मंडियों में खरीदे गए गेहूं का उठान तुरंत किए जाने, मंडियों में पेयजल व्यवस्था, सफाई व शौचालय व्यवस्था व बिजली व्यवस्था आदि सुविधाओं का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। ताकि किसानों को अपनी गेहूं की उपज को बेचने में किसी प्रकार की दिक्कत न आएं। उन्होंने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए कि मंडियों में सभी प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध हों। ताकि गेहूं खरीद से जुड़े आढ़तियों, मंडियों में मजदूरों व किसानों को सभी सुविधाएं मिल सकें।



यमुनानगर। ग्लोब हेरिटेज इंटरनेशनल स्कूल सांगीपुर में खुशी मनाते विजेता खिलाड़ी।

### ग्लोब हेरिटेज स्कूल के विद्यार्थियों ने जीती खो-खो व कबड्डी स्पर्धा

- स्कूल पहुंचने पर विजेताओं को किया सम्मानित।

**रादौर।** ग्लोब हेरिटेज इंटरनेशनल स्कूल सांगीपुर के विद्यार्थियों ने इंटर डिस्ट्रिक्ट रूरल खो खो व कबड्डी चैंपियनशिप में परचम लहराकर संस्थान का नाम रोशन किया। अध्यापक संजय कुमार ने बताया कि राजीव गांधी खेल स्टेडियम में रूरल गेम्स एसोसिएशन कुरुक्षेत्र की ओर से डिस्ट्रिक्ट रूरल खो-खो व कबड्डी चैंपियनशिप 2025 आयोजित की गई। जिसमें लगभग 15 टीमों ने भाग लिया। स्कूल की 4 टीमों ने इसमें भाग लिया। जिसमें अंडर 14 पुरुष कबड्डी टीम, अंडर 17 पुरुष कबड्डी टीम, अंडर 17 महिला खो खो टीम ने स्वर्ण पदक व अंडर 14 पुरुष खो खो टीम ने कांस्य पदक हासिल कर ओवरऑल ट्रॉफी पर कब्जा किया।

स्कूल में पहुँचने पर विजेताओं का स्वागत किया गया। प्रधानाचार्या रीतू सिंगला ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि जिन विद्यार्थियों ने इस चैंपियनशिप में भाग लिया वे सभी बधाई के पात्र हैं व टीम के प्रशिक्षक बच्चों को इतनी मेहनत करने पर सराहना की।



### न्यूज हैप्पी स्कूल में मातृ दिवस पर कार्यक्रम

**यमुनानगर।** न्यू हैप्पी सीनियर सैकेंडरी स्कूल (लक्ष्मी गार्डन) यमुनानगर में मातृ दिवस के उपलक्ष्य में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस दौरान नन्हे मुन्ने बच्चों ने जहां मां के प्रति प्रेम दर्शाते हुए अपनी प्रस्तुतियां दी। बच्चों ने बुजुर्गों पर अपनी स्किट प्रस्तुत कर सभी को झकझोर कर रख दिया। कार्यक्रम का संचालन छात्राओं निहारिका व वैष्णवी ने किया। स्कूल प्रबंधक जीएस शर्मा ने मातृ दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मां से बढ़कर इस जगत में कोई नहीं है और न ही मां जैसा कोई प्यार करने वाला है। उन्होंने बच्चों को अपने माता.पिताए दादा.दादी व गुरूजनों का सम्मान करना चाहिए। नर्सरी से पांचवीं कक्षा तक के बच्चों ने मां मेरी प्यारी मां, मावां मावां मावां, चंदनियां छुप जाना रे, उंगली पकड़ के चलाए ओम साईं राम की प्रस्तुतियां दी। पांचवीं कक्षा के बच्चों जसमीत, अंश व हरमन द्वारा प्रस्तुत नाटक के मंचन ने सभी को झकझोर कर रख दिया। प्राचार्या कमलेश सिक्का ने सभी बच्चों द्वारा दी गई प्रस्तुतियों की सराहना की। उन्होंने कहा कि बच्चों में प्रतिभा की कमी नहीं है। यदि उन्हें समय समय पर प्रेरित किया जाए तो वे किसी भी क्षेत्र में अपना लोहा मनवा सकते हैं। उन्होंने बच्चों को इस प्रकार के कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया।

### विधवा को प्यार में फंसा दुष्कर्म, आरोप

**यमुनानगर।** विधवा महिला ने एक युवक प्रेमजाल में फंसाकर उसके साथ शादी करने का झांसा देकर दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी। छछरौली थाना क्षेत्र निवासी 35 वर्षीय महिला ने बताया कि 2018 में उसके पति की मौत हो गई थी। जिसके बाद वह अपनी बेटी के साथ छछरौली की एक कॉलोनी में रहती है। एक दिन उसके पास मनिंदर शर्मा नामक युवक का फोन आया। यह रॉंग नंबर था मगर इसके बाद आरोपी उसे बार-बार फोन पर बात करने लगा। आरोपी ने उसे अपने प्रेम जाल में फंसा लिया और उसे शादी करने की बात कहने लगा। वह भी आरोपी की बातों में आ गई। इस दौरान आरोपी ने उसे शादी का झांसा देकर उसके साथ संबंध बनाएं। आरोपी करीब छह साल तक उसके साथ शादी का झांसा देकर संबंध बनाता रहा। बाद में आरोपी ने उसे शादी करने से मना कर दिया। परेशान होकर जब वह आरोपी के घर गई तो आरोपी ने अपनी मां के साथ मिलकर उसके साथ गाली गलौज की और उसे शादी करने से मना कर दिया। उसने आरोपी के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

- मिस कॉल से शुरू हुई बातचीत, शादी का दिया झांसा।

## न्यायिक परिसर में शॉट सर्किट से लगी आग

- दो चैंबरों में जला लाखों का सामान, मचा हड़कंप।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

यमुनानगर के जिला न्यायिक परिसर में बने अधिवक्ताओं के दो चैंबरो में अचानक आग लग गई। जिससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई। दो चैंबरों में आग लगने से वहां लगे एसी सहित अन्य सामान भी जल गया। मौके पर पहुंची फायर बिग्रेड की तीन गाड़ियों ने जैसे-तैसे बुझा लिया। आग लगने की वजह शॉट सर्किट को माना जा रहा है।

गुरुवार दोपहर करीब 12 बजे कोर्ट के ई-ब्लॉक में अधिवक्ता सुमित नागर व रेखा रानी के चैंबर में अचानक से आग लग गई। जिस समय आग लगी तब अधिवक्ता रेखा अपने क्लाइंट के साथ केस को लेकर डिसकश कर रही थी जबकि सुमित नागर व अपने साथी अधिवक्ता करन कुमार के साथ बाहर खड़े थे। देखते ही देखते की आग लपटों ने चंद मिनटों में ही दोनों चैंबरों को अपनी जद में ले लिया। जिस पर वहां अफर-तफरी मच गई। बिजली की तारे जल-जल कर नीचे गिरने लगी। आग लगने के बाद अधिवक्ता रेखा रानी भी बाहर आ गई। फायर बिग्रेड को सूचना दी तो कुछ देर में दमकल की एक गाड़ी मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाने का प्रयास किया गया। मगर आग की लपटे तेज हो गई। जिसके बाद मौके पर दमकल की दो गाड़िया मौके पर पहुंची और आग को बुझाया। लेकिन जब तक आग को बुझाया गया तब तक चैंबरों में रखा एसी , लैपटॉप, टेबल, कुर्सी सहित अन्य सामान जल कर राख हो गया। चैंबर में रखे कई दस्तावेज भी जल गए। मौके पर भीड़ लग गई। अधिवक्ता सुमित नागर ने बताया कि आग से उनका नुकसान तो हुआ ही है, साथ ही कुछ और चैंबरों में भी नुकसान हुआ है।


यमुनानगर। जिला न्यायिक परिसर के नजदीक चेंबर में लगीं से उठता धुआं व मौके पर मौजूद एडवोकेट और अन्य।

### युवकों ने दुकान में घुसकर दुकानदार पर किया हमला

**यमुनानगर।** गांव गुमथला में कहासुनी होने पर तीन युवकों ने एक दुकान में घुसकर दुकानदार के साथ मारपीट की। इस दौरान आरोपियों ने दुकान में रखा सामान भी तोड़ दिया। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी तीन युवकों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। गांव गुमथला निवासी राजेश कुमार ने बताया कि उसका पांच मई को शाम आठ बजे राजेंद्र, सचिन व बंटी के साथ किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई थी। इस दौरान तीनों आरोपियों ने उसकी दुकान में घुसकर उसके साथ गाली गलौज की तथा मारपीट की। इस दौरान आरोपियों ने दुकान में रखा सामान भी तोड़ दिया। शोर सुनकर जब आसपास के लोग मौके पर पहुंचे तो आरोपी जान से मारने की धमकी देकर मौके से भाग गए। उसने मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद तीनों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। फिलहला गिरफ्तारी की सूचना नहीं है।

## जेएमआईटी इंजीनियरिंग कॉलेज में स्लोगन प्रतियोगिता आयोजित

- विश्व रेडक्रॉस दिवस पर किया कार्यक्रम का आयोजन।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

जेएमआईटी इंजीनियरिंग कॉलेज रादौर के वाईआरसीएस युवा रेडक्रॉस सोसाइटी क्लब की ओर से वीरवार को विश्व रेडक्रॉस दिवस पर स्लोगन लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्रों में मानवता, सेवा व सहयोग की भावना को प्रोत्साहित करना था। प्रतियोगिता में संस्थान के विभिन्न विभागों से विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। सभी प्रतिभागियों ने मानव सेवा, रक्तदान, आपदा राहत व करुणा जैसे विषयों पर रचनात्मक एवं विचारोत्तेजक स्लोगन प्रस्तुत किए।



आयोजन क्लब इंचार्ज निशा रहेजा के मार्गदर्शन में यह कार्यक्रम सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के दौरान छात्रों को राज्यपाल का संदेश भी प्रेषित किया गया जिसमें रेडक्रॉस के मूल्यों व सामाजिक सेवा की भावना को अपनाने की प्रेरणा दी गई।

कॉलेज के डायरेक्टर डॉ.संजीव कुमार गर्ग ने प्रतियोगिता की सफलता पर सभी प्रतिभागियों को बधाई दी और कहा कि रेडक्रॉस दिवस हमें निस्वार्थ सेवा, सहानुभूति व मानवता के मूल्यों की याद दिलाता है। ऐसे आयोजन युवाओं में सामाजिक जिम्मेदारी की भावना को मजबूत करते हैं। अंत में विजेताओं को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। क्लब के सदस्यों ने भविष्य में और भी जनकल्याणकारी कार्यक्रम आयोजित करने का संकल्प लिया

## बिलासपुर नियंत्रण क्षेत्र में विकसित की जा रही अवैध कॉलोनी

# अवैध निर्माणों पर चला डीटीपी का पीला पंजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

अवैध कॉलोनी में दस मरले भूमि में किए गए अवैध निर्माण कार्य को जिला नगर योजनाकार विभाग की टीम ने जेसीबी मशीन के मदद से ढहा दिया। जिला नगर योजनाकार राजेश कुमार ने जिलेवासियों से अवैध कॉलोनियों में अपनी मेहनत से कमाई हुई पूंजी निवेश नहीं करने के लिए आहवान किया है।

जिला नगरयोजनाकार राजेश कुमार ने बताया कि नियंत्रित क्षेत्र बिलासपुर में पड़ने वाले राजस्व सम्पदा मौजा बिलासपुर में अवैध कॉलोनी में एक अवैध निर्माण विकसित किए जाने की उन्हें सूचना मिली थी। सूचना के बाद जिला उपायुक्त पार्थ गुप्ता के आदेश अनुसार वह विभागीय टीम के सदस्यों के साथ ड्यूटी मजिस्ट्रेट के रुप में तैनात किए गए बिलासपुर के नायब तहसीलदार की मौजूदगी में पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और वहां पर करीब 10 मरले में बनाए गए शेड समेत अवैध निर्माण को जेसीबी मशीन से ढ़हाया गया।

जिला नगर योजनाकार राजेश कुमार ने



यमुनानगर। बिलासपुर में अवैध निर्माण कार्य को ढ़हाते हुए जेसीबी मशीन।

- नगरयोजनाकार राजेश कुमार ने लोगों से अवैध कॉलोनियों में अपूंजी निवेश नहीं करने का आह्वान।

#### अवैध कालोनी में ना खरीदें प्लाट

डीसी पार्थ गुप्ता व जिला नगर योजनाकार राजेश कुमार ने सभी जनसाधारण को सूचित करते हुए कहा कि कोई भी व्यक्ति किसी अवैध कालोनी में कोई भी प्लाट आदि की खरीद फरोख्त न करें। यदि फि र भी कोई व्यक्ति अवैध कालोनी में निर्माण कार्य करता हुआ पाया गया तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी और वह इस कार्य के लिए स्वयं जिम्मेवार होगा।

बताया कि इससे पहले चूककर्ताओं को नियंत्रित क्षेत्र 41 ऑफ 1963 के तहत नियमानुसार नोटिस जारी किया गया। मगर चूककर्ताओं द्वारा विभागीय आदेशों की पालना नहीं की गई और अवैध निर्माण की स्थापना करने से पहले आवश्यक अनुमति भी नहीं ली गई। जिसके कारण इस अवैध निर्माण पर तोड़फोड़ की कार्रवाई की गई। तोड़.फोड़ की कार्यवाही की गई।

## खबर संक्षेप



### एंटी टीसिंग पर चलाया जागरुकता अभियान

**कुरुक्षेत्र।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं सीजेएम नीतिका भारद्वाज ने कहा कि जिला एवं सत्र न्यायधीश दिनेश कुमार के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा एंटी टीसिंग पर जागरूकता अभियान चलाए गए है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं सीजेएम नीतिका भारद्वाज ने कहा कि जिसके तहत राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय उमरी और पिहोवा में यह जागरूकता अभियान चलाया गया और विद्यार्थियों को छेड़छाड़ को रोकने और बेटी को सम्मान देने के लिए जागरूक किया गया साथ ही उन्हें हेल्पलाइन नंबर 1091 के बारे में भी जानकारी दी गई।

### सतीश गर्ग बने सेक्टर 13 मार्किट एसो. के प्रधान



**कुरुक्षेत्र।** सेक्टर 13 मार्किट एसोसिएशन का चुनाव संपन हो गया जिसमे सतीश गर्ग पार्षद ने प्रधान पद पर विजय प्राप्त की। अन्नपूर्णा रसोई संचालक अवनि गुप्ता ने बताया कि सेक्टर 13 मार्किट एसोसिएशन के चुनाव में 2 लोग प्रधान पद का चुनाव लड़ रहे थे जिसमे सतीश गर्ग पार्षद को 33 वोट पड़े जबकि सतीश लाडी को 8 वोट मिले। अवनि गुप्ता ने बताया कि बाकि कार्यकारिणी सर्वसम्मति से बनाई गई है। इसमें उप प्रधान रमेश गर्ग, सचिव मुनीश गोयल, सहसचिव श्याम लाल सैनी एवं समाजसेवी अवनि गुप्ता को केशियर बनाया गया है।

### तंबाकू निषेध दिवस पर जागरुकता अभियान

**कुरुक्षेत्र।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं सीजेएम नीतिका भारद्वाज ने कहा कि जिला एवं सत्र न्यायधीश दिनेश कुमार के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा विश्व तंबाकू निषेध दिवस को लेकर जागरुकता अभियान चलाया गया है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं सीजेएम नीतिका भारद्वाज ने कहा कि जिसके तहत रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड कुरुक्षेत्र पर लोगों को तंबाकू का इस्तेमाल ना करने के लिए जागरूक किया जा रहा है।

### टीबी के प्रति चलाया जागरूकता अभियान

**कुरुक्षेत्र।** विश्व रेडक्रास दिवस के अवसर पर जिला रेडक्रास सोसायटी की ओर से टीबी के प्रति जागरूकता अभियान चलाया गया। अनाज मंडी और सलारपुर रोड स्थित झुग्गी-बस्तियों में लोगों को टीबी से बचाव की जानकारी दी गई। इसके साथ ही ब्रह्मसरोवर पर भी साधुओं और सन्निहित सरोवर पर श्रमिकों को टीबी बचाव के प्रति जागरूक किया गया। लोगों को क्षय रोग के प्रति बचाव और नियमित रूप से दवाई व चेकअप की जानकारी दी गई।

### कुवि में विश्व रेडक्रास दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन

# मानव कल्याण और परोपकार पर आधारित है यूथ रेडक्रॉस : सचदेवा

#### स्लोगन लेखन प्रतियोगिता का किया आयोजन, सारा जैन ने पाया प्रथम स्थान



**कुरुक्षेत्र।** विजेता को सम्मानित करते कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

यूथ रेडक्रॉस सोसायटी सात सिद्धांतों पर आधारित है जो मानव कल्याण के लिए परोपकार व सेवाभाव से कार्य कर रही है। मानवता, निष्पक्षता, तटस्थता, स्वाधीनता, स्वैच्छिक सेवा, एकता व सार्वभौमिकता के सिद्धांतों की नींव पर रेडक्रॉस की इमारत खड़ी है। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय तथा इससे सम्बन्धित कॉलेजों की यूथ रेडक्रॉस सोसायटी समाज कल्याण में अपना अमूल्य योगदान दे रही है। यह विचार कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने सीनेट हॉल में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के यूथ रेडक्रॉस द्वारा विश्व रेडक्रॉस दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि व्यक्त किए। इससे पहले दीप प्रज्वलित कर व रेडक्रॉस अभियान को जन्म देने वाले महान मानवता प्रेमी जीन हेनरी डयूनेन्ट को पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि रेडक्रॉस विश्व की सबसे बड़ी यूथ आगेर्नाईजेशन है। यह पहला संस्थान था जो कि युद्ध में घायल सैनिकों की देखभाल के लिए बनाया गया था। रेडक्रॉस सोसायटी का गठन जब से हुआ है तब से रेडक्रॉस के स्वयंसेवक विभिन्न प्रकार की आपदाओं में निरंतर निस्वार्थ भावना से अपनी सेवाएं दे रहे हैं। यह विश्व की एक ही संस्था है जिसको तीन बार नोबल शांति पुरस्कार मिला है। संवेदनाओं के साथ कार्य करने के लिए मनुष्य को श्रेष्ठ माना गया है। आज के परिप्रेक्ष्य में जो गंभीर हालात बन रहे हैं उसमें यूथ रेड क्रास की भूमिका महत्वपूर्ण होने वाली है। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के वालंटियर्स व स्वयं सेवकों ने कोविड के समय व इसके बाद आई बाढ़ में बाढ़ पीड़ितो को निस्वार्थ भाव से भोजन व राशन पहुंचाया। कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि भारत विश्व का सबसे युवा देश है। 15 से 29 साल की उम्र के 37 करोड़ युवा हमारी ताकत हैं। हमारे देश का भविष्य उज्ज्वल है। छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. ए.आर. चौधरी ने कहा कि सारी मानवता एक है। सभी का दुख एक है और जो सक्षम है उसे दूसरों का दुख कम करने के लिए प्रयत्न करना चाहिए। इसी उद्देश्य व ध्येय को लेकर ही यूथ रेड क्रास संस्था बनी है। उन्होंने स्वयं सेवकों को मानवता के लिए कार्य करने के लिए प्रेरित किया।

#### विजेताओं को किया पुरस्कृत

विश्व रेडक्रास दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में राज्य स्तरीय स्लोगन लेखन प्रतियोगिता के विजेताओं को कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने पुरस्कृत किया। स्लोगन लेखन प्रतियोगिता में दयाल सिंह कॉलेज की छात्रा सारा जैन ने प्रथम, एम.डी. गवर्नमेंट कॉलेज की पिंकी ने दूसरा व गुरु नानक खालसा कॉलेज यमुनानगर की छात्रा तन्नू ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। इसके साथ ही विभिन्न कॉलेजों में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान के विजेताओं को भी सम्मानित किया गया।

#### विभिन्न विभागों व संस्थानों को मिली व्हीलचेयर

विश्व रेडक्रास दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा द्वारा कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों व संस्थानों को व्हील चेयर प्रदान की गई। पुस्तकालय, युवा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम विभाग,खेल विभाग, छात्र कल्याण अधिष्ठाता विभाग, आईआईएचएस, आईटीटीआर सहित अन्य कई विभागों में व्हील चेयर दी गई है जो कि दिव्यांगों के लिए मददगार साबित होगी। व्हील चेयर के माध्यम से दिव्यांग व्यक्ति स्वतंत्र रूप से चल-फिर सकें और कैम्पस के विभागों के दैनिक कार्यों को वो आसानी से कर सकेंगे इससे उनकी जीवनशैली में सुधार होगा, आत्मनिर्भरता बढ़ेगी और समाज में उनकी भागीदारी को प्रोत्साहन मिलेगा।

केयू के यूथ रेडक्रॉस कोऑर्डिनेटर प्रो. डी.एस. राणा ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि यह वैश्विक एकता का दिन है, जो उन स्वयं सेवकों के साहस और प्रयासों को दशार्ता है जो कठिन परिस्थितियों में काम करते हैं। आपदा प्रबंधन, सामाजिक बुराईंया, रक्तदान, स्वच्छता अभियान, कोरोना काल, अन्य संकट सहित विभिन्न क्षेत्रों में रेडक्रास स्वयं सेवकों ने हमेशा महत्वपूर्ण काम किया है।

#### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. ए.आर. चौधरी, यूथ रेडक्रॉस कोऑर्डिनेटर प्रो. डी.एस.राणा, प्रो. एस.के.चहल, प्रो. विवेक चावला, प्रो. रीटा, प्रो. निरुपमा भट्टी, डॉ. मंजू नरवाल, डॉ. चेतन शर्मा, फील्ड कोऑर्डिनेटर डॉ. संतोष कुमार, डॉ. राजेश राजौंद, डॉ. दिविज, योगेश सहित विभिन्न कॉलेजों के प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर व वालंटियर्स मौजूद थे।

## होस्टल मैस वर्कर यूनियन का महिला चीफ वार्डन के कार्यालय पर प्रदर्शन आज



**कुरुक्षेत्र।** कर्मचारियों को संबोधित करते यूनियन के प्रधान सुभाष पारचा।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

होस्टल मैस वर्कर यूनियन की आम सभा की बैठक आयोजित की गई जिसमें यूनियन ने सर्वसम्मति से यह फैसला लिया कि आज 9 मई को होस्टल मैस वर्कर यूनियन महिला चीफ वार्डन के कार्यालय पर प्रदर्शन करेगी। यूनियन के प्रधान सुभाष पारचा ने कहा कि यूनियन ने 26 मार्च 2025 को महिला चीफ वार्डन के कार्यलय में अपनी मांगों मांग पत्र दिया था लेकिन एक महीना बीत जाने के बाद भी मैस कर्मचारियों की समस्यायों का कोई समाधान नहीं हुआ। फिर 28 अप्रैल को यूनियन ने कुलपति, कुलसचिव और चीफ वार्डन पुरुष छात्रावास को अवगत कराया गया कि 30 अप्रैल तक मैस कर्मचारियों की समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो यूनियन 1 मई को आंदोलन करने करेंगी लेकिन जब एक मई को पता चला कि महिला चीफ वार्डन छुट्टी पर हैं। फिर यूनियन ने अपना आंदोलन 7 मई तक स्थागित किया था लेकिन आज तक कोई समाधान नहीं हुआ तो। यूनियन ने फैसला लिया गया 9 मई को महिला चीफ वार्डन के कार्यलय पर प्रदर्शन किया जाएगा। बैठक में यूनियन के महासचिव कृष्ण चंद सैनी, उपाध्यक्ष ख्याली राम, कोषाध्यक्ष अमन कुमार दुग्गल, सहसचिव उमाशंकर, अनिरुद्ध पाल, महेश चंद, भुवन पांडे, आनन्द सिंह, सुरेश कुमार,रोबी राणा और सैकड़ों मैस कर्मचारियों ने भाग लिया।

### गीता विद्या मंदिर में नवगठित प्रबंध समिति का गठन



**शाहबाद।** गीता विद्या मंदिर में नवगठित प्रबंध समिति का गठन किया गया। दीप प्रज्वलन व सरस्वती वंदना के द्वारा कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। प्रधानाचार्य निशा गोयल द्वारा सभी का स्वागत व अभिनंदन करते हुए परिचय करवाया गया। डॉ. परमजीत पाहवा अध्यक्षा, सुरेंद्र सैनी उपाध्यक्ष, प्रोफेसर अमरनाथ शर्मा प्रबंधक , डॉक्टर हिमांशु कोषाध्यक्ष, हरप्रीत सिंह सदस्य, अशोक कुमार सदस्य, सुरजीत कुमार सदस्य, मंजू नारंग महिला प्रतिनिधि, चेतराम शर्मा प्रांत प्रतिनिधि, पूजा आचार्य प्रतिनिधि चुने गए।

## कृषि-तकनीकी प्रदर्शनी एवं स्टार्टअप कॉन्क्लेव का आयोजन 9 से 11 तक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

■ कुशल, समृद्ध एवं नया भारत बनाने के उद्देश्य से किसानों के लिए कार्यक्रम



कुशल, समृद्ध एवं नया भारत बनाने के उद्देश्य से किसानों के लिए कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय कुरुक्षेत्र के सभागार में 9 मई से 11 मई तक तीन दिवसीय कृषि-तकनीकी प्रदर्शनी एवं स्टार्टअप कॉन्क्लेव का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में युवाओं व किसानों के लिए मृदा व जल परीक्षण, मृदा स्वास्थ्य परामर्श और सरकारी योजना की जानकारी देते हुए उन्नत किसान बनने के लिए सहायता की जाना है। सांसद नवीन जिन्दल ने कहा कि यह कृषि मेला कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र के किसानों और कृषि पर आश्रित अन्य समुदायों को एक मंच पर लाकर कृषि उद्यमिता के एक नए युग की शुरूआत करेगा। इसमें राज्य /केंद्र सरकार के विभिन्न विभाग, स्टार्टअप्स, एग्री-टेक कंपनियां, प्रगतिशील किसान, स्वयं सहायता समूह, कृषि उत्पादक संघ आदि भाग लेंगे। इस आयोजन का उद्देश्य नवीन अवसर अभियान के माध्यम से हरसंभव सहायता प्रदान कर कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र के लोगों को आत्मनिर्भरता और समृद्धि की राह पर आगे ले जाना है। कृषि एवं कृषि आधारित सेवाएं कुरुक्षेत्र की रीढ़ की हड्डी हैं। नवीन जिन्दल फाउंडेशन इस कार्यक्रम में अत्याधुनिक तकनीक और जाने-माने कृषि विशेषज्ञों से किसानों को रुबरु करवाएगा, जो किसानों के साथ मिलकर काम करेंगे।

### फायदेमंद साबित हो रहा समाधान शिविर

**थानेसर।** नगराधीश डा.रमन गुप्ता ने कहा कि लघु सचिवालय के सभागार में आयोजित समाधान शिविर में नागरिकों की समस्याओं का प्रभावी ढंग से समाधान किया गया। शिविर में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए लोग अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे, जिनमें मुख्य रूप से जल आपूर्ति, सडक मरम्मत, पेंशन संबंधित समस्याएं और राजस्व मामलों से जुड़ी शिकायतें शामिल रही। नगराधीश डा. रमन गुप्ता वीरवार को लघु सचिवालय के सभागार में उपायुक्त नेहा सिंह के मार्गदर्शन में लगाए गए समाधान शिविर में बोल रहे थे। इससे पहले नगराधीश डा. रमन गुप्ता, सीएमओ डा. सुखबीर सिंह, डीआरओ चेतना चौधरी, डीडीए डा.कर्मचंद ने समाधान शिविर में आई विभिन्न विभागों से सम्बन्धित 53 शिकायतों को सुना।

## लाडवा में लोगों की समस्याओं को सुनने के लिए लगेगा खुला दरबार : महेंद्र सिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लाडवा

■ मुख्यमंत्री के ओएसडी महेंद्र सिंह ने सुनीं लोंगों की समस्याएं

मुख्यमंत्री के ओएसडी महेंद्र सिंह ने कहा कि अब लाडवा विधानसभा के लोगों को अपनी समस्याएं सुनाने के लिए चंडीगढ़ जाने की आवश्यकता नहीं है, क्योंकि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के आदेश पर हर मंगलवार और शुक्रवार को लाडवा विधानसभा के लोगों के लिए लाडवा में खुला दरबार आयोजित किया जाएगा। मंगलवार को हरियाणा बाल कल्याण विकास विभाग की उपाध्यक्ष सुमन सैनी लोगों की समस्याएं सुनेंगी। इसके अलावा प्रतिदिन मुख्यमंत्री कार्यालय के प्रभारी कैलाश सैनी हलके के लोगों की समस्याओं को सुनते रहेंगे। मुख्यमंत्री के ओएसडी महेंद्र



सिंह वीरवार को लाडवा के पीडब्ल्यूडी विश्रामगृह में आयोजित खुले दरबार में लाडवा विधानसभा के लोगों की समस्याएं सुन रहे थे। उन्होंने अधिकारियों को लोगों की समस्याओं के समाधान के निर्देश दिए। इससे पहले पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में उन्होंने भाजपा कार्यकतार्ओं के साथ बैठक की।

### डीएसबी स्कूल का लोकार्पण कल

**कुरुक्षेत्र।** देशभर में संचालित श्रीजयराम संस्थाओं के परमाध्यक्ष एवं श्री जयराम शिक्षण संस्थान के चेयरमैन ब्रह्मस्वरूप ब्रह्मचारी वीरवार को डीएसबी इंटरनैशनल पब्लिक स्कूल के नन्हे बच्चों के बीच काफी देर तक रहे और नन्हे बच्चों की बातों को ध्यान से सुना। उन्होंने नन्हे बच्चों के साथ विचार भी सांझा किए। नन्हे बच्चों ने ब्रह्मचारी को बताया कि वे पढ़ाई के साथ खेलों व अन्य क्षेत्रों में भी आगे बढ़ना चाहते हैं। उन्होंने बच्चों की भावनाओं एवं विचारों की सराहना की। उल्लेखनीय है कि श्री जयराम संस्थाओं के अंतर्गत डीएसबी इंटरनैशनल स्कूल का लोकार्पण समारोह 10 मई को आयोजित होगा। डीएसबी इंटरनैशनल स्कूल के लोकार्पण समारोह में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी मुख्य अतिथि होंगे। जबकि समारोह की अध्यक्षता आचार्य महामंडलेश्वर अवधेशानंद गिरी करेंगे। । श्री जयराम संस्थाओं के मीडिया प्रभारी राजेश सिंगला ने बताया कि परमाध्यक्ष ब्रह्मस्वरूप ब्रह्मचारी ने वीरवार को स्कूल में पहुंच कर हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के आगमन एवं डीएसबी इंटरनैशनल स्कूल के लोकार्पण समारोह की तैयारियों का जायजा लिया एवं स्कूल स्टाफ तथा जयराम संस्थान के पदाधिकारियों को दिशा निर्देश दिए।



**कुरुक्षेत्र।** डीएसबी इंटरनैशनल पब्लिक स्कूल में बच्चों के साथ श्री जयराम संस्थाओं के परमाध्यक्ष ब्रह्मस्वरूप ब्रह्मचारी।

## मई और जून की गर्मी में सब्जियों की फसलों का बचाव आवश्यक

■ ब्जियों के लिए नमी बनाए रखने के लिए 4-5 दिन के अंतराल पर शाम के समय सिंचाई करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



कृषि वैज्ञानिक डा. सी.बी. सिंह।

गर्मी के मौसम में हरी सब्जियों की अधिक डिमांड होती है। यह हरी सब्जियां ही गर्मी के मौसम में अधिक लाभकारी होती हैं। कृषि विशेषज्ञों के अनुसार मई और जून महीने में जब तापमान बहुत अधिक बढ़ जाता है तो खेतों में खड़ी सब्जी की फसलों को नुकसान की आशंका बढ़ जाती है। कृषि वैज्ञानिक डा. सी.बी. सिंह ने बताया कि गर्मी के मौसम में बेल वाली तथा धरती के निकट लगी सब्जियों के खराब होने का खतरा अधिक होता है। उन्होंने मई और जून महीने की गर्मी में सब्जियों की फसलों को बचाने के लिए उचित समय पर सिंचाई, छाया और कीट नियंत्रण बारे महत्वपूर्ण जानकारी दी। डा. सिंह के अनुसार गर्मी के मौसम में कृषि विशेषज्ञों एवं कृषि अधिकारियों के परामर्श अनुसार शाम का समय सिंचाई के लिए उचित है। विशेष रूप से बेल वाली सब्जियों के लिए नमी बनाए रखनी चाहिए। गर्मी के दौरान पौधों को अधिक धूप से बचाने के लिए छाया प्रदान करना भी एक अच्छा विकल्प है। डा. सिंह ने कहा कि 4-5 दिन के अंतराल पर शाम के समय सिंचाई करें। इससे उत्पादन और गुणवत्ता में सुधार होता है क्योंकि नमी बनाए रखना गर्मी में बहुत जरूरी है। मई और जून में गर्मी में अच्छी तरह से उगाई जा सकने वाली सब्जियां जैसे लौकी, करेला, तोरई और भिंडी जैसी सब्जियों को लगाया जा सकता है। विभिन्न फसलों का फसल चक्र अपनाने से मिट्टी की उर्वरता बनी रहती है।



### गुरुनानक स्कूल की प्राइमरी विंग के बच्चों ने सीखी एबीसी ऑफ योग

**कुरुक्षेत्र।** गुरुनानक स्कूल, कुरुक्षेत्र के प्राइमरी विंग के बच्चों को ए.बी.सी.ऑफ योग की डिजिटल वीडियो के माध्यम से योग का सैद्धान्तिक व क्रियात्मक दोनो पक्षों का व्यवहारिक ज्ञान हरियाणा योग आयोग के सदस्य डॉ मनीश कुकरेजा व उनकी टीम द्वारा करवाया गया। एक घंटे के सत्र में लगभग 100 बच्चों ने 26 यौगिक शब्दों को कविता के छंदों, ध्वनि, ग्राफिक्स व एनीमेशन के माध्यम से आनन्द पूर्वक आत्मसात किया व कंठस्थ भी कर लिया। इस सत्र की विशेष बात यह रही कि लगभग 100 बच्चों ने बिना किसी मानसिक बोझ के खेल खेल में ही योग के 26 शब्दों को सीखा ही नहीं अपितु उनमें से क्रियात्मक रूप से की जाने वाली क्रियाओं को मनोयोग से उल्लास पूर्वक किया। योग को सरल रूप से बच्चों को सिखाने हेतु एन.सी.ई.आर. टी. की शोध पत्रिका में प्रेषित लेख के आधार पर ही डिजिटल वीडियो का निर्माण किया गया है। ऊपर की प्राइमरी कक्षायों के अतिरिक्त माध्यमिक व उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थी भी इस योग शिक्षण सामग्री से लाभान्वित हो सकते हैं।

## लड़का-लड़की एक सामान बेटी को दो पूरा सम्मान : सोनिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लाडवा



**लाडवा।** जागरूकता रैली निकालते आशा वर्कर्स।

लिंगानुपात के कम होने पर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र गुड़ा में एक सभा का आयोजन किया गया। लिंगानुपात के कम होने के संबंध में सर्जन डॉक्टर सोनिया की अध्यक्षता में सभा करवाई। इसमें सभी स्वास्थ्य कार्यकर्ता, सभी आशा वर्कर, आंगनवाड़ी सुपरवाइजर ने भाग लिया तथा लिंगानुपात से संबंधित विषयों पर चर्चा की और बेटी बचाओ- बेटी पढ़ाओ के नारे से सभी को जागरूक करते हुए एक रैली भी निकलवाई। डॉक्टर सोनिया द्वारा गुडा क्षेत्र के कुछ गांव में गिरते लिंगानुपात को देखते हुए आशा वर्कर व नर्स को आदेश दिए गए कि इन ग्रामों में गंभीरता से कार्य करें ताकि गिरते लिंगानुपात को ठीक किया जा सके। उन्होंने सभी को बताया कि गांव के सरपंच, पंच व अन्य सदस्यों की सहायता से भी गांव में कन्या भ्रूण हत्या के बारे में मीटिंग करवाकर या रैली निकलवाए ताकि सभी लोगों को इसके लिए जागरूक किया जा सके और लिंगजांच को समाप्त किया जा सके ।सभी को बताया गया कि अगर कोई भी महिला के बारे में कहीं से लिंगजांच करवाने की सूचना मिलती है तो वो ये इसकी सूचना अपने अधिकारी को गुप्त रूप से दे सकते है। इस अवसर पर सतबीर सिंह, गीता कोऑर्डिनेटर व कई आशा कर्मी उपस्थित रही।

**अभियान** 1264 लाभार्थियों को मिला प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ

# ‘अपना घर’ के सपने को साकार करने के लिए सरकार ने जारी किया 28 करोड़ 72 लाख का बजट

जिले के थानेसर ब्लॉक में नगर परिषद की तरफ से सबसे ज्यादा 470 एलओआई जारी किए




हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

प्रधानमंत्री आवास योजना के जरिए कुरुक्षेत्र के जरूरतमंद लोगों के अपना घर के सपने का साकार किया जा रहा है। इस जिले 1264 लाभार्थियों के सपने को साकार करने के लिए सरकार की तरफ से अब तक 28 करोड़ 72 लाख का बजट जारी किया जा चुका है। अहम पहलू यह है कि इस जिले के थानेसर ब्लॉक में नगर परिषद की तरफ से सबसे ज्यादा 470 एलओआई जारी किए जा चुके है। उपायुक्त नेहा सिंह ने बातचीत करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत कुरुक्षेत्र जिले में लोगों ने नए मकान बनाने व मकान में एक और कमरा बनाने के लिए विभिन्न लोगों ने आवेदन किया था। इसमें से 1264 लोगों को नगर निकाए की तरफ से स्वीकृति प्रदान (एलओआई)की गई है। इसमें थानेसर ब्लॉक में 470 लोगों को स्वीकृति प्रदान की गई है, इसके लिए सरकार की तरफ से 10 करोड़ 56 लाख का बजट भी प्राप्त हुआ है। इनमें से नए मकान के लिए आवेदन करने वाले 391 लाभार्थियों को प्रथम किस्त के रूप में 1 लाख रुपए, 379 लाभार्थियों को दूसरी किस्त के रूप में 1 लाख रुपए और 349 लाभार्थियों को तीसरी किस्त के रूप में 50 हजार रुपए की राशि स्वीकृत की गई है। उन्होंने कहा कि थानेसर ब्लॉक में ही 149 लोगों ने नए कमरे बनाने के लिए योजना के तहत आवेदन किया। इसमें 60 लाभार्थियों को प्रथम किस्त के रूप में 60 हजार रुपए, 50 लाभार्थियों को दूसरी किस्त के रूप में 60 हजार रुपए तथा 39 लाभार्थियों को तीसरी किस्त के रूप में 30 हजार रुपए की राशि जारी की गई। इस प्रकार इस ब्लॉक में अब तक 10 करोड़ 23 लाख की राशि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत जारी की जा चुकी है। इसी प्रकार शाहबाद में 171 लाभार्थियों को प्रथम किस्त, 170 लाभार्थियों को दूसरी किस्त व 144 लाभार्थियों को नए मकान बनाने के लिए तीसरी किस्त जारी की जा चुकी है। इस ब्लॉक में कमरा बनाने के लिए 20 लाभार्थियों को प्रथम, द्वितीय व तृतीय किस्त जारी की जा चुकी है। इस प्रकार इस ब्लॉक में योजना के तहत 4 करोड़ 23 लाख रुपए जारी किए जा चुके है। उपायुक्त ने कहा कि पिहोवा ब्लॉक में 212 लाभार्थियों को 4 करोड़ 75 लाख रुपए की राशि नए मकान और मकान में कमरा बनाने के लिए जारी की जा चुकी है। इसी प्रकार लाडवा ब्लॉक में नए मकान बनाने वाले 375 लाभार्थियों को प्रथम किस्त, 369 को द्वितीय किस्त, 339 को तृतीय किस्त जारी की जा चुकी है। इस ब्लॉक में नया कमरा बनाने वाले 71 लाभार्थियों को भी प्रथम, द्वितीय व तृतीय किस्त जारी की जा चुकी है। इस ब्लॉक में कुल 9 करोड़ 50 हजार रुपए की राशि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत जारी की जा चुकी है।

# निगम कमिश्नर सचिन गुप्ता की विदाई, बलप्रीत को मिली जिम्मेदारी

- विधायक निर्मल सिंह ने समस्याओं पर ढीला रवैया अपनाने व मुलाकात के दौरान कुर्सी से खड़ा होकर जनप्रतिनिधि को रिसीव न करने का लगाया था आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

छह महीने में ही नगर निगम के कमिश्नर सचिन गुप्ता की विदाई हो गई। उनकी जगह अब आईएएस डॉ.बलप्रीत सिंह को अंबाला शहर नगर निगम का नया कमिश्नर नियुक्त किया गया है। डॉ. बलप्रीत सिंह इससे पहले अंबाला छावनी में बतौर एसडीएम अपनी सेवाएं दे चुके हैं। दरअसल आईएएस सचिन गुप्ता की कुछ समय पहले विधायक निर्मल सिंह ने भी सीएम नायब सैनी को शिकायत की थी। निर्मल सिंह ने सरकार को भेजी शिकायत में कहा था कि वे अपने क्षेत्र के लोगों की समस्याओं को लेकर नगर निगम कमिश्नर के पास गए थे। इस दौरान कमिश्नर शहर विधायक को गेट पर रिसीव करने नहीं आए। उन्हें खुद ही उनके कार्यालय में जाना पड़ा था। उनका आरोप था कि इसके बाद भी कमिश्नर अपनी कुर्सी से खड़े तक नहीं हुए। कमिश्नर ने विधायक से कुर्सी पर बैठे-बैठे ही हाथ मिलाया। निर्मल सिंह का यह भी आरोप था कि समस्याओं से अवगत करवाने के बावजूद उन्होंने कार्रवाई नहीं की। पूर्व मंत्री निर्मल सिंह ने चीफ सेक्रेटरी को भी शिकायत भेजी थी जिसमें यह लिखा था कि मैं आपका ध्यान अंबाला में भाजपा शासन के तहत कर्मचारियों/अधिकारियों द्वारा निर्वाचित सदस्यों की असंवैधानिक अवहेलना और अनादर के गंभीर मामले की ओर आकर्षित करना चाहता हूं।

### 2019 बैच के आईएएस अधिकारी डॉ. बलप्रीत सिंह



आईएए बलप्रीत को मिली जिम्मेदारी नगर निगम से सचिन गुप्ता की विदाई के बाद अब 2019 बैच के आईएएस अधिकारी डॉ. बलप्रीत सिंह को नगर निगम के साथ जिला नगरपालिका आयुक्त की जिम्मेदारी भी दी गई है। इससे पूर्व डॉ. बलप्रीत नगर निगम गुरुग्राम में अतिरिक्त उपायुक्त पद पर तैनात थे। डॉ. बलप्रीत सिंह इससे पहले वर्ष 2022 में करीब दस महीने तक अंबाला कैंट में बतौर एसडीएम के पद पर तैनात रहे थे। वह उनकी हरियाणा प्रदेश में पहली पोस्टिंग थी। एमबीबीएस पास डॉ. बलप्रीत ने संघ लोक सेवा आयोग द्वारा वर्ष 2018-19 में आयोजित ऑल इंडिया सिविल सेवा परीक्षा में देश भर में 462 वां रैंक प्राप्त किया था।

*छात्रों के साथ नवनिर्वाचित विधायकों व मंत्रियों को भी समाज की ओर से किया गया सम्मानित*

# गुर्जर समाज के मेधावी छात्रों को मिला सम्मान, मंत्री नागर बोले-सुपर 100 के तहत मेधावी छात्रों को मिल रही कोचिंग

- प्रदेश के खाद्य एवं आपूर्ति मंत्री ने गुर्जर समाज कल्याण परिषद को 11 लाख रुपये देने की घोषणा की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणगढ़




नारायणगढ़। समारोह में सम्मानित किए गए मेधावी छात्र, विधायक व मंत्री। फोटो: हरिभूमि

प्रदेश के खाद्य एवं आपूर्ति मंत्री राजेश नागर ने कहा कि प्रदेश में ट्रिपल इंजन की सरकार तेज गति के साथ विकास कार्य करवा रही है। वे यहां गुर्जर समाज कल्याण परिषद द्वारा आयोजित मेधावी छात्र-छात्राओं, नवनिर्वाचित विधायकों एवं मंत्रियों के सम्मान समारोह में बतौर मुख्यअतिथि बोल रहे थे। उन्होंने गुर्जर समाज कल्याण परिषद को 11 लाख रूपये देने की घोषणा की। मंत्री राजेश नागर ने गुर्जर समाज कल्याण परिषद द्वारा समाज कल्याण व मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित करने की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रमों से बच्चों में आगे बढने की भावना पैदा होती है। उन्होंने भारतीय सेना के पराक्रम और सौर्य की प्रशंसा करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में रात्रि के समय भारतीय सेना द्वारा पाक अधिकृत कश्मीर व पाकिस्तान में आंतकवादियों के ठिकानों को ध्वस्त किया है, उससे प्रत्येक भारतवासी को गर्व है। सरकार भी शिक्षा की ओर विशेष तौर पर ध्यान दे रही है। सुपर 100 कार्यक्रम के तहत सरकारी स्कूलों में मेधावी विद्यार्थीयों को आईआईटी ,जेईई व ईटीटी इत्यादि परीक्षाओं के लिए विशेष कोचिंग उपलब्ध करवाई जा रही है। इसके अलावा पीएम श्री स्कूल खोले गए हैं। सरकार ने 77 राजकीय महाविद्यालय खोले हैं जिनमें से 31 महाविद्यालय केवल लड़कियों के लिए है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश 2047 तक एक विकसित राष्ट्र बनने की ओर अग्रसर है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में विकसित राज्य बनने की ओर तेजी के साथ आगे बढ रहा है। उन्होंने समाज के लोगों से आह्वान किया कि वे आपसी भाईचारे एवं एकता के साथ आगे बढे। अपने बच्चों को महापुरूषों की जीवनी से अवगत करवाएं जिससे कि वे देश का एक अच्छा नागरिक बन समाज ओर देश के विकास में अपना योगदान दे सकें। समारोह में विशेष अतिथि के तौर पर विधायक शैली चौधरी ने शिरकत की। इस अवसर पर गुर्जर समाज कल्याण परिषद के फोम लाल, धर्मपाल, नर सिंह, नसीब सिंह, रणजीत सिंह, चमन लाल, रोशन लाल, विवेक कुमार, विनोद कुमार, छज्जूराम तथा मुखराज, अमर सिंह, जगपाल सिंह धनाना, जगपाल गोंदपुरा, पवन फतेहपुर, जरनैल सिंह, राम सिंह, शिशपाल, तेजराम, रतन लाल, सुरेंद्र सिंह, अवतार सिंह, प्रदीप कुमार, रविन्द्र सरपंच, रामशरण, सेठपाल, बंसी लाल, मनीष कुमार भी मौजूद रहे।

### इन्हें सम्मानित किया गया

गुर्जर समाज कल्याण परिषद के प्रधान सतपाल टोका, जिला परिषद के पूर्व वाईस चेयरमैन पवन गुज्जर, पूर्व मंडल अध्यक्ष भाजपा गुरनाम सिंह गुर्जर समेत कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे। कार्यक्रम में गुर्जर समाज कल्याण परिषद द्वारा मेधावी छात्र-छात्राओं व उत्कृष्ठ व्यक्तियों को सम्मानित किया गया।

## खबर संक्षेप



### राइटिंग प्रतियोगिता में नंदिनी ने मारी बाजी

**अंबाला।** अंबाला शहर के एमडीएसडी कॉलेज की रेडक्रॉस यूनिट ने वर्ल्ड रेडक्रॉस डे के उपलक्ष्य में पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता और स्लोगन राइटिंग प्रतियोगिता करवाई गई। इस प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। इस प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल की भूमिका में डॉक्टर मंजू तोमर और प्रदीप ने निभाई। पोस्टर राइटिंग प्रतियोगिता में बीए द्वितीय वर्ष की नंदिनी ने प्रथम स्थान हासिल किया। स्लोगन राइटिंग प्रतियोगिता में बीए प्रथम वर्ष की कशिश ने प्रथम स्थान हासिल किया। कॉलेज की कार्यकारी प्राचार्या करमजीत कौर ने विद्यार्थियों को रेडक्रॉस की भूमिका के बारे में जानकारी दी। रेडक्रॉस काउंसलर डॉक्टर सीमा सिंघल और डॉक्टर जसप्रीत कौर को प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए बधाई दी।

### बराड़ाः वाद-विवाद प्रतियोगिता आयोजित

**बराड़ा।** शैमफॉर्ड विद्यालय में कक्षा आठवीं से बारहवीं तक के विद्यार्थियों के लिए एक अंतर सदनीय वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसका विषय था सोशल मीडियाः वरदान या अभिशाप प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में तार्किक चिंतन, आत्मविश्वास तथा सामाजिक विषयों पर स्पष्ट दृष्टिकोण विकसित करना था। आज के डिजिटल युग में सोशल मीडिया युवाओं की दिनचर्या का अभिन्न अंग बन चुका है, ऐसे में इस विषय पर चर्चा हुई।

*प्रशासन की ओर से घरेलू हवाई अड्डे पर की गई मॉक ड्रिल, ड्रोन से की गई निगरानी*

# एयरफोर्स स्टेशन से सायरन बजते ही हरकत में आए कर्मी ब्लैकआउट में लाइटें जलाकर चलते रहे वाहन चालक

- अंबाला शहर और कैंट में कुल 22 मिनट तक अंधेरा रहा
- दमकल, स्वास्थ्य और पुलिस विभाग एसडीआरएफ की टीम हरकत में आई और बचाव दलों ने अभियान शुरू किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

#### घायल का रेस्क्यू





#### बचने के तरीके बताए





प्रशासन की ओर से अंबाला छावनी के घरेलू हवाई अड्डे के पास देर शाम मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। इस दौरान अंबाला कैंट के घरेलू हवाई अड्डे के पास एयरफोर्स स्टेशन से सायरन की आवाज आई। तब आसपास के पूरे इलाके में ब्लैकआउट हो गया। अंबाला शहर और अंबाला कैंट में कुल 22 मिनट तक अंधेरा रहा। हाईवे पर वाहनों को भी रुकने और लाइट बंद करने को कहा गया।इस दौरान मॉक ड्रिल प्रक्रिया के तहत प्रशासनिक अधिकारियों ने घरेलू हवाई अड्डे पर एक इमारत में आग लगने की घटना की सूचना कंट्रोल रूम को दी। इसके बाद दमकल विभाग, स्वास्थ्य विभाग और पुलिस विभाग एसडीआरएफ की टीम के साथ हरकत में आए और मौके पर पहुंचे। बचाव दलों ने अपना अभियान शुरू किया। मॉकड्रिल के दौरान जब आसमान में अंधेरा था। उस समय अंबाला कैंट में एक ड्रोन उड़ रहा था। यह ड्रोन प्रशासन द्वारा उड़ाया गया था। हालांकि अभी ड्रोन उड़ाने पर पाबंदी है। इस ड्रोन से निगरानी रखने का काम किया जा रहा था। कई स्थानों पर ब्लैक आउट के दौरान दुकानों और घरों की लाइटों को बंद नहीं किया। बाजार में भी लाइट जलती दिखीं। इनको बंद कराने के लिए पुलिस की गाड़ियां दौड़ती नजर आईं। छावनी के सदर बजार, निकलसन रोड, महेश नगर और कबाड़ी बाजार की कई दुकानों में लाइट जल रही थीं। वाहन चालक भी लाइट जलाकर निकल रहे थे। सुभाष पार्क की लाइटों को पुलिस ने बंद कराया। छावनी नागरिक अस्पताल में पहुंचे सीएमओ डॉ. राकेश सहल ने बताया कि उनके एम्बुलेंस के लिए आठ बजकर सात मिनट पर कॉल आई थी। इसमें दो लोगों के घायल होने की सूचना थी। अस्पताल की ओर से दो एम्बुलेंस भेजी गई थी। आठ बजकर 15 मिनट पर दोनों एम्बुलेंस घरेलू एयरपोर्ट पर पहुंची थी। इसके बाद मरीजों को लेकर आठ बजकर 23 मिनट पर अस्पताल पहुंची थी। आठ बजकर 30 मिनट पर मरीजों को उपचार करके भर्ती कर दिया था।

### छात्रों ने मॉक ड्रिल में लिया हिस्सा

**अंबाला।** राज्य सरकार की एडवाइजरी के निर्देशानुसार तथा वन हरियाणा गर्ल्स बटालियन के सहयोग से जीएमएन कॉलेज में सफल सिविल डिफेंस मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। इस अभ्यास का उद्देश्य स्टाफ सदस्यों को एयरस्ट्राइक जैसी आपातकालीन परिस्थितियों में प्रभावी प्रतिक्रिया देने की तकनीकों के प्रति जागरूक करना था। इस प्रशिक्षण सत्र का नेतृत्व हरियाणा बटालियन, अंबाला छावनी के पीआई स्टाफ सदस्य बिर्पाल सिंह एवं उमेश कुमार यादव ने किया। उन्होंने उपस्थित स्टाफ को एयर स्ट्राइक की स्थिति में उचित प्रतिक्रिया देने और सुरक्षा के उपायों को अपनाने की व्यावहारिक जानकारी एवं प्रदर्शन प्रदान किया। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने सभी स्टाफ सदस्यों को संबोधित करते हुए आपातकालीन स्थितियों में सतर्कता एवं तैयारी की आवश्यकता पर बल दिया। इसके पश्चात एसोसिएट एनसीसी ऑफिसर (एएनओ) डॉ. एसएस नैन द्वारा ऐसे आपातकालीन हालातों के लिए मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) को पढ़ा गया, जिससे प्रतिभागियों को स्पष्टता और समझ मिल सके। कार्यक्रम के अंत में सीटीओ डॉ. तृप्ति शर्मा ने पीआई स्टाफ का धन्यवाद देते हुए कहा कि एक हरियाणा गर्ल्स बटालियन हमेशा उनकी सहायता करती रही है। इस मॉक ड्रिल में कुल 52 सदस्य (शिक्षण एवं गैर-शिक्षण स्टाफ सहित) , 39 (गर्ल्स कैडेट) 26 ( ब्वॉय कैडेट ) 12 (एनएसएस छात्र ) ने सक्रिय भागीदारी निभाई।

# 10वीं की परीक्षा के परिणाम को लेकर किशोरी ने की खुदकुशी

- पिता ने बताया कि वंदना जैन परीक्षा परिणाम आने से पहले मानसिक रूप से परेशान चल रही थी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

10वीं की छात्रा ने घर पर फंदा लगाकर जान दे दी। वीरवार दोपहर छात्रा अपने कमरे में थी और उसकी मां दूसरे कमरे में सो रही थी। किशोरी

10वीं की बोर्ड परीक्षा परिणाम को लेकर टेंशन में थी। परीक्षा परिणाम आने से पहले ही छात्रा ने यह खौफनाक कदम उठा लिया। मृतका की पहचान अंबाला कैंट के दीप नगर निवासी 17 वर्षीय वंदना के तौर पर हुई है। वीरवार दोपहर के समय उसकी मां एक कमरे में सो रही थी और वंदना दूसरे कमरे में थी। मां ने दोपहर करीब 2 बजे उठकर बेटी का दरवाजा खटखटाया तो कोई आवाज नहीं आई। पड़ोसियों की मदद से दरवाजा तोड़कर देखा तो वंदना ने दुपट्टे से फंदा लगा रखा था। पुलिस ने शव को अंबाला कैंट के नागरिक अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया है, जहां शुक्रवार को फोरेंसिक एक्सपर्ट डॉक्टर से पोस्टमार्टम करवाया जाएगा। पिता ओम प्रकाश ने बताया कि वंदना जैन गर्ल्स स्कूल में दसवीं की छात्रा थी। परीक्षा परिणाम आने से पहले बेटी मानसिक रूप से परेशान चल रही थी। परिणाम के इंतजार में वह घर पर ही रहती थी। जबकि दो बेटियां व एक बेटा स्कूल में थे। वह खुद एकता विहार चौक पर सब्जी की दुकान चलता है। दोपहर को वह दुकान पर ही था। पत्नी दोपहर में सोने के लिए आने कमरे में चली गई थी। इस बीच बेटी ने फंदा लगा लिया। एएसआई मोहन लाल का कहना है कि फिलहाल कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। शुक्रवार को फोरेंसिक एक्सपर्ट से पोस्टमार्टम होगा। रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के असल कारणों का खुलासा हो पाएगा। परिजनों की तरफ से बताया जा रहा है कि 10वीं का परीक्षा परिणाम आना है। उससे पहले बेटी मानसिक रूप से परेशान चल रही थी।



### देश की सेना ने आतंकी ठिकानों को मिलाया मिट्टी में: गोयल

**अंबाला।** पूर्व मंत्री असीम गोयल ने कहा कि देश ने पहलगाम अटैक का बदला आतंकी ठिकानों को धूल में मिलाकर लिया है। देश की सेनाओं द्वारा आतंकियों को करारा जवाब दिया गया है। हमें अपने जवानों और अपनी सेना पर पूरा गर्व है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी,रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और गृह मंत्री अमित शाह के नेतृत्व में भारत पूरी तरह सुरक्षित हाथों में है। उन्होंने कहा कि यह भारत वो भारत है जो दुश्मन को घर में घुसकर मुंहतोड़ जवाब देने की हिम्मत रखता है। उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर को लेकर अपनी प्रतिक्रिया दी। पूर्व मंत्री ने कहा कि पहलगाम घटना के बाद पूरा देश गुस्से में था। ऐसे में देशवासियों की भावना को समझते हुए खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यह कहा था कि आतंकवाद के खिलाफ कड़ा एक्शन होगा। आतंकियों की बची कुची जमीन को मिट्टी में मिलाने का वक्त आ गया है ।

*परेशानी* | *रात के अंधेरे में सड़कों पर डेरा जमा लेते हैं पशु*

# फसल के लिए आफत बने बेसहारा पशु, चपेट में आने से टूट रहे वाहन चालकों के हाथ-पैर

- मांग के बावजूद अभी तक इन पशुओं को पकड़ने के लिए नहीं चलाया जा रहा अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा




शहर में आवारा पशुओं की बढ़ती संख्या अब लोगों के लिए खतरे का कारण बन गई है। मुख्य बाजार में दिन-रात घूमते गौवंश न केवल यातायात में बाधा बन रहे हैं बल्कि अब जानलेवा भी साबित हो रहे हैं। बीते दिनों इन आवारा पशुओं ने दो लोगों को घायल कर उन्हें गंभीर रूप से घायल कर दिया। बेसहारा पशुओं की यह समस्या अब दिनों-दिन विकराल होती जा रही है। शाम के समय जब बाजार में भीड़ अधिक होती है। शाम ढलते ही यह पशु सडक्रों पर अपना डेरा जमा लेते हैं। सडक्र पर बीचों-बीच बैठकर यातयात को बाधित करते हैं। मुख्य बाजार में रेलवे स्टेशन के सामने, पेट्रोल पंप के सामने, लाईन पार के इलाके में ये पशु अक्सर झूडों में देखे जा सकते हैं। ये पशु सडक्र के बीचों-बीच खड़े होकर ट्रैफिक को अवरुद्ध कर रहे हैं। दोपहिया वाहन चालक अक्सर इनके डर के कारण रास्ता बदलने पर मजबूर हो जाते हैं।

### सड़कों पर कब्जा

पशु रात के समय शहर की सडक्रों के बीचों बीच बैठ जाते हैं जिससे राहगीरों और वाहन चालकों को गंभीर परेशानी होती है। वाहनों की कम रोशनी में कई बार सडक्र पर बैठे ये पशु दिखाई नहीं देते जिससे दोपहिया और चारपहिया वाहनों के दुर्घटनाग्रस्त होने की संभावना बढ़ जाती है। ऐसे में सडक्र पर यातायात अवरूद्ध हो जाता है और सडक्र पर चलने वाले वाहन चालकों को भारी परेशानी का साम ना करना पड़ता है। रात के अंधेरे में बैठे ये पशु अचानक से उठकर हमला कर देते हैं जिससे पैदल चलने वाले लोग भी डर के साये में रहते हैं।

### पशुओं को गोशाला में भिजवाएं

स्थानीय लोगों का आरोप है कि नपा प्रशासन इस बेसहारा पशुओं को शहर से बाहर निकालने के लिए अब तक कोई ठोस योजना नहीं बना पाया है। बार-बार मामले सामने आने के बाद भी नपा प्रशासन की ओर से न तो इन पशुओं को पकडने की कोई कार्यवाही अमल में लाई गई। न ही इस गंभीर समस्या का कोई स्थायी हल खोजा गया। लोगों का कहना है कि प्रशासन कुंभकरणी नींद में सोया हुआ है। अगर ऐसे ही प्रशासन इसी तरह आंखें मूंदे बैठा रहा, तो आने वाले दिनों में कोई बड़ी दुर्घटना हो सकती है। अब शहरों की गलियों व सडक्रों पर चलना बच्चों और बुजुर्गों के लिए जोखिम भरा हो गया है। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि तुरंत प्रभाव से पशुओं को पकडने के लिए विशेष अभियान चलाए और बाजार के एरिया को सुरक्षित बनाए। साथ ही, इन पशुओं के लिए गौशालाओं में उचित व्यवस्था की जाए।

### दवा कंपनी की हिस्सेदार महिला से दस लाख की ठगी

**अंबाला।** दवाओं की कंपनी में काम करने वाली महिला के साथ 10 लाख रुपये की धोखाधड़ी हो गई। छावनी की हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी की महिला की शिकायत पर पुलिस ने रूड़की की सानिया, सोनू उर्फ रिफाकत,अमित कुमार, नोनीत कुमार, विशाल कुमार और रोपड़ के रहने वाले कुछ लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।महिला ने बताया कि वह पिछले 7-8 साल से दवा की कंपनी में सांझेदार है। पिछले साल अक्टूबर 2024 में वो एक बैठक के लिए यमुनानगर गई थी। यहां पर काफी लोग दवा कंपनियों से आए थे। यहां उसे एक औरत मिली और उसने अपना नाम सानिया बताया। फिर एक दूसरे का नंबर ले लिया। कुछ दिन बाद उसे सानिया का फोन आया और उसने बताया कि उसके पति कैंसर की दवाई बनाने, बेचने और खरीदने का काम करते हैं। आठ जनवरी को अंबाला कैंट रेलवे स्टेशन की पार्किंग में बात हुई इस दौरान उसके साथ सानिया का पति सोनू उर्फ रिफाकत, अमित, लुकमान, अमन पहले से ही गाड़ी में मौजूद थे। उन्होंने दवाई खरीद में मुनाफे का झांसा दिया और वो उनकी बातों में आ गई। पैसों का इंतजाम कर दे तो अगले दिन शाम तक मुनाफा सहित पैसे लौटा देंगे।